पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश

अल्पसंख्यक वर्ग की सामाजिक एवं आर्थिक उन्नति करना सरकार की प्राथमिकता

अल्पसंख्यक वर्ग के युवाओं को कौशल विकास से जोड़ने के लिए प्रभावी नीतियॅा बनाई जाए

प्रधानमंत्री जनविकास कार्यक्रम के तहत संचालित परियोजनाओं को तय समय में पूरा कर क्रियाशील बनाया जाय

—श्री धर्मपाल सिंह

लखनऊः 29 मार्च, 2023

उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण, वक्फ एवं हज विभाग के कैबिनेट मंत्री श्री धर्मपाल सिंह ने आज यहां विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय बजट एवं आगामी कार्ययोजना के संबंध में उच्च स्तरीय बैठक की। इस बैठक में उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक वर्ग की सामाजिक, शैक्षिक एवं आर्थिक उन्नति करना सरकार की प्राथमिकता में है। अल्पसंख्यक वर्ग के युवाओं को कौशल विकास से जोड़ने के लिए प्रभावी नीतियॅा बनाई जाए, जिससे कि उनको रोजगार और स्वरोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध कराये जा सकें।

अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने कहा कि अल्पसंख्यक कल्याण के सर्वागीण विकास के लिए यह आवश्यक है कि उनके लिए आधुनिक शिक्षा और बुनियादी व्यवस्थायें समुचित रूप से उपलब्ध हो। इसलिए अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में प्रधानमंत्री जनविकास कार्यक्रम के तहत संचालित परियोजनाओं को तय समय में पूरा करने के लिए कार्यों में तेजी लाकर क्रियाशील किया जाय, जिससे जन सामान्य को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि मदरसों में छात्र—छात्राओं को आधुनिक शिक्षा देने के लिए पर्याप्त व्यवस्थायें सुनिश्चित करायी जाये और उनको गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, कम्प्यूटर जैसे विषयों का ज्ञान देने के लिए शैक्षणिक संस्थानों में इस विषयों के पठन—पाठन की उचित व्यवस्था करायी

जाय। जिससे मदरसों से निकले छात्र–छात्रायें समाज की मुख्यधारा से जुड़कर विकास के प्रत्येक क्षेत्र में सक्रिय रूप से अपना योगदान दे सकें। उन्होंने निर्देश दिये कि मदरसों में व्यावसायिक शिक्षा एवं कम्प्यूटर शिक्षा को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए।

श्री धर्मपाल सिंह ने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की पूर्व दशम् छात्रवृत्ति योजना, मेडिकल/इंजीनियरिंग की परीक्षा पूर्व कोचिंग योजना, मदरसों में वोकेशनल ट्रेनिंग स्कीम, मदरसों के आधुनिकीकरण की योजना तथा प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत संचालित परियोजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की गहन समीक्षा की। कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के सर्वांगीण उत्थान से संबंधित योजनाओं को और गतिशील एवं प्रभावशाली बनाया जाये। साथ ही वित्तीय स्वीकृतियां समय से जारी की जाये जिससे कि लंबित योजनाओं का तेजी से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

बैठक में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती मोनिका एस0 गर्ग ने मंत्री जी को अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के बजट की अद्यतन स्थिति एवं आगामी कार्ययोजनाओं से अवगत कराते हुए समयबद्धरूप से कार्यों के संपादन के लिए आश्वस्त किया।

बैठक में अल्पसंख्यक विभाग के विशेष सचिव श्री आनंद कुमार श्री आनंद सिंह, विशेष सचिव श्री अनिल सिंह, निदेशक सुश्री जे0रीभा, मदरसा बोर्ड के रजिस्ट्रार श्री जगमोहन तथा शासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

सम्पर्क सूत्र– निधि वर्मा/संध्या कुरील

राघवेन्द्र/03:00 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com
वेबसाइट :www.information.up.gov.in